PEN पिंटर पुरस्कार, 2023

प्रसिद्ध कवि और लेखक **माइकल रोसेन** को उनके साहित्यिक योगदान के लिये प्रतिष्ठित **PEN पिंटर पुरस्कार, 2023** से सम्मानित किया गया।

- रोसेन को अपने **कार्य और प्रदर्शन के माध्यम से बच्चों के लिये कविता को सुलभ बनाने के** लिये जाना जाता है। **उनके विषय प्रायः** सामाजिक, राजनीतिक और नैतिक होते हैं।

//

PEN पिंटर पुरस्कार का इतिहास और उद्देश्य:

- PEN पिंटर पुरस्कार की **स्थापना वर्ष 2009 में इंग्लिश PEN संस्था द्वारा** की गई थी, जो एक **वैश्विक साहित्यिक नेटवर्क का संस्थापक केंद्र है, यह संस्था साहित्य और मानवाधिकारों** को बढ़ावा देती है।
  - इस पुरस्कार का नाम **हेरोल्ड पिंटर** के नाम पर रखा गया था, जो इंग्लिश PEN के उपाध्यक्ष और **इंटरनेशनल PEN राइटर्स इन प्रिज़न कमेटी (WiPC)** के सक्रिय सदस्य थे।
  - यह **वर्ष 2005 में पिंटर के** नोबेल पुरस्कार **स्वीकृति भाषण** जिसका शीर्षक-**"कला, सत्यता और राजनीति"** था, से प्रेरित था, जिसमें उन्होंने **"विश्व के नागरिक"** के रूप में लेखक की भूमिका के बारे में बात की, साथ ही जो सत्ता के झूठ पर सवाल उठाता है तथा उसे उजागर

करता है।

- इस **पुरस्कार का उद्देश्य दूसरों की गरिमा और अधिकारों की रक्षा के लिये लेखन कार्य करने वाले लेखकों की पहचान** करना है।
- यह पुरस्कार प्रतिवर्ष **यूनाइटेड किंगडम, आयरलैंड गणराज्य, राष्ट्रमंडल अथवा पूर्व राष्ट्रमंडल में रहने वाले किसी लेखक** को प्रदान किया जाता है।
  - विजेता को **अंग्रेज़ी में लिखे गए साहित्यिक उत्कृष्टता** वाले नाटकों, कविता, निबंध अथवा कथा साहित्य का लेखक होना अनिवार्य है।
  - इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के पिछले प्राप्तकर्त्ताओं में **हनीफ कुरैशी, लेमन सिसि्से और मैलोरी ब्लैकमैन शामिल हैं।**

अन्य प्रमुख साहित्यिक पुरस्कार:

- **अंतर्राष्ट्रीय:**
  - **साहित्य में नोबेल पुरस्कार (वर्ष 2022 में एनी एर्नाक्स)**
  - **बुकर पुरस्कार**
  - **UNESCO किंग सेजोंग साक्षरता पुरस्कार**
- **भारतीय:**
  - **ज्ञानपीठ पुरस्कार**
  - **साहित्य अकादमी पुरस्कार**

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pen-pinter-prize-2023